# चौमूं उपद्रव के बाद नगर परिषद ने नोटिस जारी किये, तीन दिन में जवाब मांगा

## अवैध निर्माण, अवैध मीट दुकानें, बूचड़खानों को नगर परिषद ने नोटिस जारी किये

- **नगर परिषद ने इमाम चौक जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित घरों और दुकानों के बाहर किए गए अवैध अतिक्रमणों के संबंध में नोटिस जारी किए**
- **वर्तमान में चौमूं शहर में हालात सामान्य और शांतिपूर्ण बने हुए हैं, संवेदनशील इलाकों में एहतियातन तौर पर पुलिस बल तैनात है**

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं पत्थरबाजी की घटना के बाद चौमूं नगर परिषद प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण को लेकर नोटिस चस्पा किए। चौमूं नगर परिषद प्रशासन ने शहर में अवैध अतिक्रमण और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की है। नगर परिषद ने इमाम चौक जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित घरों और दुकानों के बाहर किए गए अवैध अतिक्रमणों के संबंध में नोटिस जारी किए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर बने चबूतरे, अवैध सीढ़ियों सहित अन्य सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार, इन अतिक्रमणों के कारण आमजन को आवाजाही में परेशानी हो रही है और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। इसी के मद्देनजर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त चौमूं शहर में बिना अनुमति और नियमों के उल्लंघन में संचालित हो रही नॉनवेज की दुकानों बूचड़खानो को भी नोटिस जारी किए गए हैं। नगर परिषद प्रशासन ने सभी नोटिस धारकों से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। निर्धारित समय सीमा में जवाब न देने या अतिक्रमण न हटाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। वर्तमान में चौमूं शहर में हालात सामान्य और शांतिपूर्ण बने हुए हैं। गौरतलब है कि बीते 25 दिसंबर की रात हुए तनावपूर्ण माहौल के बाद अब लोगों ने राहत की सांस ली है। 25 दिसंबर की रात को चौमूं बस स्टैंड स्थित मस्जिद पर लोहे की रेलिंग लगाने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई थी। पुलिस लगातार नामजद आरोपियों और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में इलाके में दबिश दे रही है। चौमूं क्षेत्र के कुछ विशेष समुदाय की गलियों में अभी भी सन्नाटा पसरा हुआ है, हालांकि हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं। संवेदनशील इलाकों में एहतियातन तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स के जवान भी मौके पर मौजूद हैं। शांतिपूर्ण माहौल के बीच चौमूं के बाजार खुल गए हैं और दुकानों पर सामान्य चहल-पहल देखने को मिल रही है। पुलिस प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

# बीकानेर में लिव-इन में रह रहे प्रेमी-प्रेमिका ने आत्महत्या की

- **फोन में म्यूजिक लगाकर कमरे में फंदे पर लटके मिले, परिजन दरवाजा खटखटाते रहे**
- **युवती की शादी कहीं और तय हो गई थी, ऐसे में दोनों पर दबाव बनाया जा रहा था, इसके चलते दोनों ने आत्महत्या की**

**बीकानेर,** (निसं)। लिव-इन में रह रहे प्रेमी-प्रेमिका ने फंदा लगाकर जान दे दी। युवती की शादी कहीं और तय हो गई थी। ऐसे में, दोनों पर दबाव बनाया जा रहा था, इसके चलते दोनों ने घर के कमरे में फंदा लगा लिया। देर रात कमरे से तेज आवाज में गाने चलने की आवाज आ रही थी, परिजनों ने दरवाजा भी खटखटाया था। इसके बाद सुबह जब दोनों को उठाने के परिजन गए तो शव फंदे पर लटके हुए देखे। मामला बीकानेर के बज्जू थाना इलाके का का है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने फांसी लगाकर जान दी है।

बज्जू थानाधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि प्रकाश (21) और करिश्मा (20) ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह परिजनों ने मामले की जानकारी दी तो शवों को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल मेडिकल बोर्ड से बज्जू उप जिला चिकित्सालय में दोनों के शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। एसएचओ ने बताया कि दोनों जोगी कालबेलिया समाज के हैं और जुलाई से साथ में रह रहे हैं। इससे पहले दोनों कहीं और रहते थे। एसएचओ के अनुसार, जब तक पुलिस पहुंची तब तक शवों को फंदे से नीचे उतारा जा चुका था। ऐसे में, एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया गया, जहां से एफएसएल की टीम ने सबूत जुटाए हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी। पूरे मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हर पहलू की जांच की जा रही है। दोनों के परिजनों ने लिखित रिपोर्ट पुलिस को दी है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, करिश्मा का रिश्ता किसी अन्य युवक के साथ तय हो गया था। ऐसे में, वह किसी और से शादी नहीं करना चाहती थी। करिश्मा पर उसके परिवार की ओर से लगातार दबाव बनाया जा रहा था। ऐसे में, प्रकाश और करिश्मा ने अपनी जान दे दी। हालांकि, पुलिस अपने स्तर पर परिजनों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, प्रकाश के माता-पिता घर में ही दूसरे कमरे में सो रहे थे। वहीं प्रकाश और करिश्मा भी घर के पास वाले कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात कमरे से मोबाइल पर गाने चलाए जाने की आवाज आने लगी। परिजनों ने सोचा कि दोनों गाने सुन रहे हैं। ऐसे में, मोबाइल पर गाने की आवाज तेज होने के चलते किसी को अंदाजा नहीं लग पाया कि दोनों अंदर सुसाइड करने की तैयारी में हैं। रात में भी परिजनों ने दरवाजा खटखटा कर पूछताछ करने की कोशिश की थी, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद सुबह जब उन्हें उठाने के लिए दरवाजा खटखटाया तो दोनों फंदे पर लटके मिले।

# एमडीएसयू के कुलगुरु के समर्थन में कर्मचारी एकजुट

## दूरभाष पर धमकी व गाली-गलौज की निंदा की

**अजमेर,** (कास)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय (एमडीएसयू) के कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल को एक निजी महाविद्यालय के संचालक द्वारा दूरभाष पर दी गई धमकी एवं गाली-गलौज की घटना के संदर्भ में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने कुलगुरु से शिष्टाचार भेंट की। कर्मचारियों ने इस आपत्तिजनक कृत्य की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए इसे विश्वविद्यालय की गरिमा और सर्वोच्च पद के प्रति अस्वीकार्य बताया।

कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार कुलगुरु महोदय के साथ मजबूती से खड़ा है तथा किसी भी परिस्थिति में उनके साथ घटित घटनाक्रम की घोर निंदा करता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कुलगुरु द्वारा नियमों के अनुरूप लिए गए हर निर्णय का विश्वविद्यालय समुदाय पूर्ण समर्थन करता है। भेंट के दौरान कर्मचारियों ने निजी महाविद्यालय संचालक द्वारा किए गए कृत्य की निंदा के साथ-साथ उसके द्वारा की जा रही कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग भी उठाई, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और शैक्षिणक व्यवस्था की पारदर्शिता एवं शुचिता बनी रहे। इस अवसर पर पूर्व कर्मचारी अध्यक्ष दिलीप शर्मा, पूर्व महासचिव सुरेंद्र कुमावत, मनोज बिश्नोई, सुरेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, सिद्धार्थ पवार, पेप सिंह राजपूत, मुकेश कुमार मीणा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा, अनुशासन और विधिसम्मत कार्यप्रणाली से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# गैंगरेप के आरोपी आईटी कंपनी सीईओ व साथी को जेल

**उदयपुर,** (कासं)। शहर पुलिस ने आईटी कंपनी मैनेजर पीड़िता के साथ कार में गैंगरेप के आरोपी आईटी कंपनी सीईओ व साथी को पुलिस रिमांड के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया।

प्रकरण के अनुसार गत दिनों शहर स्थित आईटी कंपनी के सीईओ द्वारा बर्थडे व एण्ड ऑफ इयर पार्टी के उपलक्ष में कम्पनी कर्मचारियों के लिए पार्टी का आयोजन करने के बाद कंपनी मैनेजर पीड़िता को घर छोड़ने के दौरान कार में उसके साथ गैंगरेप किया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ उदयपुर माधुरी वर्मा के नेतृत्व में सुखेर थानाधिकारी रविन्द्र चारण मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार आईटी कंपनी सीईओ जितेश प्रकाश सिसोदिया पुत्र कचरूलाल सिसोदिया निवासी स्काई मरीना अपार्टमेंट सुखाड़िया सर्कल अम्बामाता, गौरव सिरोही पुत्र शक्तिवीरसिंह सिरोही निवासी पामयीन सुपरटेक दिल्ली रोड़ ब्रम्हपुरी मेरठ यूपी हॉल हितावा अपार्टमेंट सुखेर को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर लिया।

इस दौरान उसके बताए अनुसार रूट चार्ट, डेक कमेरा रिकार्डिंग व अन्य साख्य के आधार पर पूछताछ के बाद रिमाण्ड अवधि पूरी होने पर 29 दिसंबर को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को 2 जनवरी तक के लिए जेल भेजा। आरोपियों द्वारा गैंगरेप की वारदात करने पर पीड़िता ने गत दिनों सुखेर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया था।

# हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के बाघपुरा थाना क्षेत्र में कंटेनर की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। वाघपुरा थाना क्षेत्र माणस गांव रोड़ पर कंटेनर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चालक माकड़ादेव वाघपुरा निवासी सिलास पुत्र खेमा डामोर गंभीर घायल हो गया, जिसे पुलिस ने झाड़ोल चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर शव को मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी। इस पर सोमवार को हेड कांस्टेबल गोपाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। सिलास बाइक पर वाघपुरा से घर जा रहा था।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**उनियारा/टोंक,** (निसं)। अलीगढ़ पुलिस थाना अन्तर्गत टोंक-सवाईमाधोपुर हाइवे पर बिलोता अण्डरपास पुलिया के पास रविवार देर रात को सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। अलीगढ़ पुलिस थानाधिकारी सीआई राजकुमार चौधरी ने बताया कि मृतक जितेन्द्र (27) पुत्र बाबूलाल महावर निवासी अलीगढ़ जिला टोंक है।

- **मृतक बाइक सवार युवक मजदूरी कर परिवार का कर रहा था पालन पोषण**



मृतक का फाइल फोटो

उन्होंने बताया कि रविवार देर रात्रि पुलिस गश्त के दौरान पुलिस को टोंक-सवाईमाधोपुर हाइवे पर बिलोता अण्डरपास पुलिया के पास एक अज्ञात बाइक हेडलाईट जली हुई सड़क पर पड़ी मिली। इस पर पुलिस ने बाइक को जांच करने पर सड़क पुलिया के डिवाइडर के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार मृत अवस्था में मिला। इस पुलिस ने मृतक के शव को अलीगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मोर्चरी में रखवा कर मृतक की शिनाख्त में जुटी। पुलिस की सूचना पर सोमवार सुबह मृतक बाइक सवार के परिजन पुलिस थाना पहुंचे। जहां परिजन ने बाइक सवार की शिनाख्त के बाद सड़क हादसे के मामले की जानकारी ली। सोमवार दोपहर दुर्घटना में बाइक सवार के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। मृतक के परिजनों की और से अलीगढ़ पुलिस में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की रिपोर्ट दी गई। मृतक युवक मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था।

# गर्भवती महिला का ससुराल में संदिग्ध हालत में शव मिला

**अलवर,** (निसं)। नौ महीने एक गर्भवती महिला का ससुराल में संदिग्ध हालत में शव मिला। महिला की बहन ने फोन पर पीहर पक्ष को सूचना दी। मौके पर पहुंचे महिला के भाई और चाचा ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मामला अलवर जिले के बगड़ तिराहा थाना क्षेत्र के नंगला बंजीरका गांव का है।



मृतका का फाइल फोटो।

- **महिला के भाई और चाचा ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया**
- **ससुराल पक्ष ने बताया कि पति से कहासुनी के बाद फंदा लगाया**

रामगढ़ डीएसपी पिंटू कुमार ने बताया कि हरियाणा के नूंह निवासी मोहम्मद इरशाद ने रविवार को बगड़ तिराहा थाने में रिपोर्ट दी है, जिसमें बताया कि नंगला बंजीरका में उसकी बहन संजीदा की ससुराल वालों ने हत्या कर दी। 1 दिसंबर 2024 को उसने अपनी बहन संजीदा (22) और मनीषा (21) की शादी रामगढ़ के नंगला बंजीरका गांव के पूर्व सरपंच आजाद के छोटे भाई तैयब के दो बेटों से की थी। संजीदा की शादी सादिक और मनीषा की शादी सरफराज के साथ की थी। इरशाद ने बताया कि शादी के बाद से ही संजीदा को दहेज के लिए लगातार परेशान किया जा रहा था। इस दौरान संजीदा गर्भवती हो गई। रविवार को सुबह 11 बजे मनीष ने घर पर फोन करके कहा कि ससुराल वालों ने संजीदा की हत्या कर दी है। हम रविवार दोपहर गांव पहुंचे तो संजीदा पलंग पर बेसुध पड़ी थी। घर पर छोटी बहन को छोड़कर कोई भी मौजूद नहीं था। हम उसे रामगढ़ सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

संजीदा के चाचा इस्लामुद्दीन ने बताया कि एक साल पहले ही हमने दोनों बेटियों की शादी की थी। शादी में ट्रैक्टर, बोलेरो, एसी, आभूषण और नकद राशि देने के बाद भी दहेज की मांग की जा रही थी। दोनों बहनों को घर में काफी परेशान किया जाता था। यहां तक कि उन्हें आपस में भी बात नहीं करने दिया जाता था। संजीदा गर्भवती थी, 8 से 10 दिन बाद ही उसकी डिलीवरी होने वाली थी। गांव के पूर्व सरपंच आजाद खां ने बताया कि मेरे भाई तैयब के बेटे सरफराज की पत्नी संजीदा ने रविवार की सुबह फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पति-पत्नी के बीच छोटी सी कहासुनी को लेकर उसने ये कदम उठा लिया।

रामगढ़ डीएसपी पिंटू कुमार ने बताया कि रविवार शाम को पुलिस को सूचना मिलने के बाद शव को रामगढ़ अस्पताल की सीएचसी में रखवाया गया। सोमवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। भाई की रिपोर्ट पर मामले की जांच की जा रही है।

# अलवर में कार ने ऑटो को टक्कर मारी, दो युवक बाल-बाल बचे

**अलवर,** (निसं)। अलवर में मोती डूंगरी रोड पर तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ऑटो से टकराने के बाद बेकाबू होकर पलट गई। हादसे के बाद कार में सवार दो युवक मौके से फरार हो गए। ऑटो के परखच्चे उड़ गए,

- **हादसे के बाद कार में सवार दो युवक मौके से फरार हो गये**

जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हादसा रविवार रात करीब 9:30 बजे हुआ।



हादसे के बाद ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

अरावली विहार थाना पुलिस के एएसआई ओमप्रकाश ने बताया कि कार स्टेडियम की दिशा से एसएमडी चौराहे की ओर जा रही थी। इसी दौरान एलआईसी कार्यालय के बाहर खड़े ऑटो को टक्कर मार दी। इसके बाद कार एलआईसी ऑफिस की दीवार से जा भिड़ी और सड़क पर पलट गई। घटना में कार सवार दोनों युवक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। जिस समय हादसा हुआ, ऑटो में कोई मौजूद नहीं था। कार अमन, निवासी नयाबास के नाम पंजीकृत है, जबकि क्षतिग्रस्त ऑटो संजय कुमार, निवासी ढाढ़ोली का है, जो लेमॉनड होटल में कार्य करता है। ऑटो ड्राइवर संजय कुमार ने बताया कि वह घटना के वक्त होटल के भीतर था। तेज आवाज सुनकर बाहर आया तो देखा कि उसका ऑटो क्षतिग्रस्त है और पास ही कार पलटी हुई पड़ी है। इसी दौरान कार से दो युवक उतरकर भागते नजर आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से कार को जब्त कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सांभर फेस्टिवल में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**जयपुर।** राज्य सरकार के "शुद्ध आहार, मिलावट पर वार" अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा सांभर फेस्टिवल में निरीक्षण और नमूनाकरण की कार्यवाही की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि सांभर में चल रहे फेस्टिवल में लगभग दो दर्जन अधिकृत फूड स्टॉल्स लगाई गई हैं। जिन पर विक्रय किए जा रहे विभिन्न खाद्य पदार्थों में से कचौरी,चाट पपड़ी, यूज्ड कुकिंग ऑयल, पेस्ट्री, पैकेज्ड स्नैक्स, गाजर का हलवा, जलेबी आदि का नमूना लिया गया।

# संविदा कर्मियों ने नियमित करने व वेतन बढ़ोतरी की मांग की

## 'संविदाकर्मी कई सालों से विभागीय कार्यों की जिम्मेदारी निभा रहे हैं'

**अलवर,** (निसं)। संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति की ओर से सोमवार को सरकारी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन संविदा कर्मियों को नियमित करने और वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर किया गया।

- **मांगें नही मामने पर उग्र आंदोलन और कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी**



मांगों को लेकर संविदाकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।

संघर्ष समिति से जुड़े पदाधिकारी यश जोशी ने बताया कि राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में लंबे समय से प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से संविदाकर्मी कार्यरत हैं, लेकिन सरकार की ओर से उन्हें अब तक नियमित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि संविदाकर्मी कई सालों से विभागीय कार्यों की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें न तो परमानेंट किया जा रहा है और न ही न्यूनतम वेतनमान का लाभ मिल रहा है, जबकि अन्य राज्यों में समान कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को न्यूनतम वेतन और बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। यश जोशी ने आरोप लगाया कि सरकार की अनदेखी के चलते संविदा कर्मियों का आर्थिक और मानसिक शोषण हो रहा है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसके तहत विभागों में दो घंटे का कार्य बहिष्कार भी किया जा सकता है,जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# फायरिंग का इनामी बदमाश गिरफ्तार

- **गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी का शहर में जुलूस निकाला**
- **दो दिसंबर को महेंद्र उर्फ काडू पहलवान पर फायरिंग हुई थी**

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। पुलिस ने दिनदहाड़े फायरिंग के एक मामले में वांछित पांच हजार के इनामी बदमाश गोलू गुर्जर को महिला की पोशाक में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी का शहर के प्रमुख बाजारों में जुलूस निकाला।

पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल के निर्देश पर एएसपी राकेश राजौरा के सुपरविजन में पुलिस उपाधीक्षक गिर्राज मीणा और कोतवाली थानाधिकारी करणसिंह राठौड़ के नेतृत्व में यह जुलूस कोतवाली थाना, देवी स्टोर चौराहा, खारी बाजार, चौपड़, कैलाश टॉकीज, जामा मस्जिद, फव्वारा चौक और कचहरी रोड होते हुए वापस कोतवाली थाना पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल ने बताया कि 2 दिसंबर को माल गोदाम रोड स्थित पुरानी सब्जी मंडी में महेंद्र उर्फ काडू पहलवान पर फायरिंग हुई थी। इस संबंध में कोतवाली थाना गंगापुर सिटी में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा के सुपरविजन और वृत्ताधिकारी गिर्राज मीणा के निर्देशन में गठित टीमों ने अब तक इस मामले में छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी करणसिंह राठौड़ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि फायरिंग में शामिल आरोपी गोलू गुर्जर महिला के भेष में श्योसिंहपुरा रोड पर घूम रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने महिला के वेश में घूम रहे व्यक्ति को देखा और घेराबंदी की। आरोपी ने सरसों के खेत में भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने भेष बदलकर छिपने और फायरिंग की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपी गोलू गुर्जर (21) सुरगढ़, थाना बाटोदा का निवासी है।

# कालीबाई बटालियन की चयन सूची जारी

- **भर्ती के माध्यम से कांस्टेबल सामान्य, चालक और बैंड के रिक्त पदों को भरा जा रहा है**

**जयपुर।** कार्यालय कमांडेंट पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर ने कालीबाई बटालियन आरएसी अलवर के लिए आयोजित कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2025 के अगले चरण की तैयारी पूरी कर ली है। विभाग द्वारा लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता और शारीरिक माप-तौल में सफल रहे 536 अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी कर दी गई है। इस भर्ती के माध्यम से कांस्टेबल सामान्य, चालक और बैंड के रिक्त पदों को भरा जा रहा है। कमांडेंट चुनाराम जाट ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन, चरित्र सत्यापन और स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम कार्यालय कमाण्डेन्ट, पांचवीं बटालियन आरएसी, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। कमांडेंट ने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी मूल दस्तावेज और उनकी स्वयं द्वारा प्रमाणित एक-एक छायाप्रति लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि दस्तावेज सत्यापन और स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया में 2 से 3 दिन का समय लग सकता है, अतः अभ्यर्थी पूरी तैयारी के साथ आएं। कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि वह नियुक्ति का इच्छुक नहीं है, सूची से नाम हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय नगरपालिका खुडाला फालना स्टेशन जिला-पाली**
टेलि न./फैक्स न. – (02938) 236170/236883, ई-मेल – eombfalna@gmail.com

**Notice Inviting Bid**

Bids for Development Work Of Subject matter(s) of Procurement are invited from interested bidders From 11.00 AM Date 23.12.2025 to 6.00 PM Date 02.01.2026 Other particulars of the bid may be Visited on the procurement portal (http://Sppp.raj.nic.in, https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and Muncipal Board Khudala-Falna Office,
UBN :- DLB2526WSOB28114, 28111, 28118, 28126, 28129, 28132, 28133, 28134, 28135, 28136
Executive Officer
Muncipal Board Khudala-Falna
Raj.Samwad/C/25/16560

**Office of the Superintendent Engineering and Project Manager WCDC, Karauli**
File No. :- 2413 - 17 Date :- 26/12/2025
**Notice inviting Bid**
**NIB No. 34/2025-26 YEAR 2025**
Bids for Talab, Talai, Mpt, ECD, check dam, Recharge shaft, Sub surface barrier, talab renovation e.t.c of PMKSY 2.0 estimated value INR 116.11 Lacs (60.43+55.68) are invited from interested bidders up to 06:00 PM, 04-01-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc). UBN NO.- WSC2526WSRC02131, 02132
Superitending Engineer and Project Manger
WCDC Zila Parishad Karauli
Raj.Samwad/C/25/16600

**कार्यालय नगर परिषद बारां**
nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड़, बारां (राज0) Phone : 07453-230106
क्रमांक :– नपबा/पुल शाखा/2025/8935–36 दिनांक :– 23.12.2025
**निविदा सूचना संख्या : 04/2025–26**
नगर परिषद बारां द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु इस कार्यालय के द्वारा नगर परिषद बारां द्वारा पूल शाखा हेतु ई–रिक्शा की बैट्री की सप्लाई का कार्य हेतु ऑफलाईन आंमत्रित की जाती है। इच्छुक सवेदक/फर्म निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देख सकते है।
UBN NO. DLB2526GSOB28192
आयुक्त
नगर परिषद बारां
राज.संवाद/सी/25/16618

राजस्थान सरकार
**कार्यालय उप वन संरक्षक, बारां**
E-mail: dcf.brn.forest@rajasthan.gov.in, Tel. No. 07453-230244
क्रमांक-एफ( )/क्रय/निविदा/2025-26/8441 दिनांक-22.12.2025
**Notice Inviting Bid No. 26/2025-26**
Bids for Various Civil Work, Borwell and Irrigation System in New Nursery Creation Total Estimate Value Rs. 151.46 Lacs are invited from interested bidders upto 6 PM on 01.01.2026 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the State & at our office in office hours. NIB Code-FOR2526A3019
UBN NO. FOR2526WSOB04091, FOR2526WSOB04094, FOR2526WSOB04092, FOR2526WSOB04093, FOR2526WSOB04088, FOR2526WSOB04086, FOR2526WSOB04087, FOR2526WSOB04089
उप वन संरक्षक
बारां
DIPR/C/19162/2025